# सबके लिये आवास मिशन

## चर्चा में क्यों?

10 फरवरी, 2022 को **छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन** की अध्यक्षता में हुई ‘**प्रधानमंत्री आवास योजना-सबके लिये आवास मिशन (शहरी)**’ की राज्यस्तरीय स्वीकृति और निगरानी समिति की बैठक में राज्यस्तरीय स्वीकृति समिति द्वारा राज्य में योजना के तहत 12 हज़ार 60 आवासों के निर्माण का अनुमोदन किया गया।

## प्रमुख बिंदु

- बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने अधिकारियों को योजना के तहत आवासों की बुकिंग को आवंटन के लिये प्राथमिकता का आधार निर्धारित करने के निर्देश दिये।
- राज्य में सबके लिये आवास मिशन (शहरी) आवास के अंतर्गत 12060 आवासों का निर्माण 374 करोड़ 93 लाख 12 हज़ार रुपए की लागत से कराया जाएगा। प्रत्येक आवास की लागत 3.05 लाख रुपए होगी।
- उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा शहरी क्षेत्रों के लिये ‘**प्रधानमंत्री आवास योजना सबके लिये आवास मिशन**’ जून 2015 से कार्यान्वित किया जा रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/housing-for-all-mission